# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025


तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


10 युक्तियुक्तकरण से नाराज शिक्षक कोण्डागांव में कर रहे हैं...



11 पाठ्य पुस्तक व गणवेश पाकर नवप्रवेशी बच्चों के खिले चेहरे










अत्याधुनिक लेज़र से

पाइल्स, फिशर, फिस्चुला, साइनस, वार्ट, पोलिप तथा मलद्वार की अन्य समस्त तकलीफों का त्वरित एवं स्थाई समाधान।

लेज़र के फायदे -

बिना चीरा, बिना टांका, बिना रक्तस्त्राव, न्यूनतम दर्द, जलन, परेशानी, पट्टी, दवाई एक दिन भर्ती, शीघ्र रिकवरी, दीर्घकालिक परिणाम आसान, सुरक्षित, किफायती, दोबारा होने का डर नहीं।

आज ही सम्पर्क करें -

एसएमसी हॉस्पिटल

रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी

मो. 7725046397, 930898331

पैकेज 15000/- से प्रारंभ

प्रदीप हॉस्पिटल

बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी

मो. 7725001343, 9893659633





## खबर संक्षेप

### मत्स्याखेट 15 अगस्त तक किया गया निषिद्ध

**जगदलपुर।** मत्स्य विभाग द्वारा के दौरान वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन के लिए संरक्षण देने के लिए जिले की तालाबों, जल स्त्रोतों, नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों और जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है। इनमें सभी प्रकार का मत्स्याखेट 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इसका उल्लंघन करने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनो एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगा। अन्य प्रांतों से मछली आयात कर विक्रय करने में शासन द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं है, ऐसी मछली के परिवहन-विक्रय दौरान मछली आयात संबंधी पर्याप्त साक्ष्य अवश्य रखें। जिस राज्य से मछली आयात की गई है, उस राज्य के मछली पालन विभाग द्वारा लागू नियमों का पालन भी सुनिश्चित किया जाए।

### बच्चों के रेस्क्यू एवं पुनर्वास के लिए चला विशेष अभियान

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस एवं पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में जिला टास्क फोर्स द्वारा बाल श्रम नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में बाल श्रम रोकने, बच्चों के रेस्क्यू एवं पुनर्वास हेतु 5 जून से 15 जून तक विशेष अभियान चलाया गया। जिला श्रम पदाधिकारी भूपेन्द्र नायक ने बताया कि बस्तर जिले में जिला टास्क फोर्स द्वारा 4 बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल श्रम करवाने वाले नियोजकों के विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम 2017 के प्रावधानों के तहत श्रम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा। जिला टास्क फोर्स में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, चाइल्ड लाइन एवं स्वयं सेवी संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। जिला टास्क फोर्स दल द्वारा सभी आम नागरिकों से बाल श्रम रोकने एवं इसके लिए जागरुकता लाने के लिए अपील की।

### पूर्व महापौर के खिलाफ पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष ने खोला मोर्चा

**जगदलपुर।** कांग्रेस शासनकाल में महापौर सफीरा साहू पर महापौर निधि के भ्रष्टाचार का मुद्दा विपक्षी दल भाजपा ने जोर-शोर से उठाया था। वर्तमान महापौर संजय पांडे उस दौरान भ्रष्टाचार में डूबे होना बताया था। अब पूर्व महापौर सफीरा साहू के भाजपा प्रवेश करते ही भाजपा ने इस बहुचर्चित महापौर निधि घोटाले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। पूर्व उप नेताप्रतिपक्ष राजेश राय ने आरटीआई के माध्यम से भ्रष्टाचार को उजागर किया और न्यायालय की शरण में पहुंचे।



### ईग्नू में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 जुलाई

**जगदलपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) नई दिल्ली द्वारा ऑनलाइन मोड में प्रवेश हेतु नामांकन बिना विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि 15 जुलाई है। नामांकन के लिए स्नातक-स्नातकोत्तर व पी.जी. डिप्लोमा सर्टिफिकेट कार्यक्रम एवं अवेयरनेस प्रोग्राम भी उपलब्ध है जिसके लिए निर्देशन वेबसाईट पर उपलब्ध है। विद्यार्थी पूरी जानकारी के लिए शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर से सम्पर्क कर सकते है।

# पुलिस की कार्यप्रणाली में उर्दू-फारसी के कठिन शब्दों की जगह होगी सरल हिंदी : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक जनसुलभ, पारदर्शी और संवादात्मक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश के पश्चात अब राज्य की पुलिस कार्यप्रणाली में प्रयुक्त होने वाले कठिन, पारंपरिक एवं आम नागरिकों की समझ से बाहर उर्दू-फारसी शब्दों को हटाकर उनकी जगह पर सहज और प्रचलित हिंदी शब्दों का उपयोग किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आम नागरिक जब किसी शिकायत, अपराध सूचना अथवा अन्य कार्य से थाने जाता है, तो वह अक्सर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर या अन्य दस्तावेजों की भाषा को लेकर असमंजस में रहता है। अन्य भाषाओं के शब्द आम लोगों के लिए अनजाने होते हैं, जिससे वे न तो अपनी बात ठीक से समझा पाते हैं और न ही पूरी प्रक्रिया को ठीक से समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सहायता और सुरक्षा है, तो उसकी भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो नागरिकों की समझ में आए और उनके विश्वास को बढ़ाए।

## उप मुख्यमंत्री ने सरल शब्दों का उपयोग करने के दिए निर्देश

### पुलिस चौकी, थाने और कार्यालयों में हो क्रियान्वयन

पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि पुलिस की व्यवहारिक कार्यवाहियों में प्रयुक्त कठिन, पारंपरिक शब्दों को सरल और स्पष्ट हिंदी में बदला जाए। इसके लिए एक शब्द सूची भी तैयार की गई है, जिसमें पुराने कठिन शब्दों के स्थान पर उपयोग किए जाने योग्य सरल विकल्प सुझाए गए हैं। इस पत्र में यह भी निर्देशित किया गया है कि सभी अधीनस्थ अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि यह आदेश केवल औपचारिकता भर न रहे, बल्कि इसका वास्तविक कार्यान्वयन प्रदेश की प्रत्येक पुलिस चौकी, थाने और कार्यालय में दिखे।



### पुलिस जनसंवाद का भी माध्यम बनेगी

*छत्तीसगढ़ पुलिस अब केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था न होकर जनसंवाद का माध्यम भी बनेगी। भाषा के इस सरलीकरण से शिकायतकर्ता को अपनी बात स्पष्ट रूप से कहने, सुनने और समझने में सुविधा होगी। एफआईआर जैसी प्रक्रिया, जो अब तक केवल अधिवक्ताओं या पुलिस कर्मियों की समझ में आती थी, वह अब आम नागरिक के लिए भी बोधगम्य हो सकेगी।*

## पत्रवार्ता: एसबीआई के सेवानिवृत मैनेजर से की थी लाखों की ठगी

# चलित इंश्योरेंश आफिस बनाकर ठगी, दो नोएडा से गिरफ्तार, 10 हजार लोगों का डाटा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- टीम ने तीन दिन नोएडा में कैम्प कर आरोपियों को दबोचा

हैलो मैं आईआरडीआर का अधिकारी हूं। आपका बंद हुई बीमा पॉलिसी की मेच्यूरिटी का आपको पूरा पैसा मिलेगा। यदि आप इस पॉलिसी को रिन्यू नहीं कराते है तो यह पॉलिसी बंद हो जाएगी, कहकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले दो अंतर्राज्यीय गिरोह के दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया गया है।

पत्रवार्ता में एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपियों द्वारा नोएडा के अलग-अलग सेक्टर से चलित इंश्योरेंश आफिस चला कर ठगी किया जाता था। मामले कि रिपोर्ट एसबीआई के सेवानिवृत उप प्रबंधक आनंदराव देशमुख द्वारा ▶▶ शेष पेज 10 पर



### प्रार्थी को 9 लाख कराया रिफंड, गिरोह का कई राज्यों से सम्पर्क

एसपी ने बताया कि रिटायर्ड स्टेट बैक मेनेजर से 20 लाख से अधिक की ठगी की घटना को अंजाम दिया गया था। वहीं प्रार्थी को पूर्व में 9 लाख रुपये रिफंड कराया जा चुका है। गिरफ्तार गिरोह के सदस्यों से 7 नग मोबाइल व एटीएम कार्ड, फर्जी सिम, हिसाब किताब के रजिस्टर के अलावा 10 हजार लोगों के इन्श्योरेंश के डॉटा जब्त किया गया। पूछताछ में ठगी में शामिल महिला साथी की जानकारी मिली है जिसकी संलिप्तता के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के संबंध में नोटिस जारी किया गया है। मामले की जांच में देश के अन्य राज्य गुजरात, महाराष्ट्र, एमपी व हरियाणा के लोगो से लगातार सम्पर्क होना पाया गया जिनसे सम्पर्क कर ठगी होने की जानकारी प्राप्त की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

### नोएडा से गिरफ्तारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन, एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल व डीएसपी सायबर सेल गितिका साहू के नेतृत्व में मामले की तकनिकी जांच एवं विवेचना आरंभ की गई। इस दौरान विभिन्न बैंको से जानकारी लिया गया। जांच के दौरान पता लगा कि आरोपियों द्वारा सेक्टर 62, 63 व 66 से लगातार प्रार्थी को कॉल किया जा रहा था। तकनिकी जॉच के दौरान कुछ आरोपियों को चिन्हित किया गया। इसके बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा द्वारा विशेष टीम गठित कर निरीक्षक विकेश तिवारी व एसआई अमित सिदार के नेतृत्व में टीम दिल्ली नोएडा यूपी रवाना किया गया। टीम द्वारा नोएडा में लगातार तीन दिन तक बैंक कर्मी एवं किरायेदार बनकर रेकी करते हुए एक होटल के पास घेराबंदी कर आरोपी लवकुश पिता यतेन्द्र सैनी निवासी प्रतापगढ़ नोएडा यूपी व राहुल कुमार पिता राम दुलारे यादव निवासी लालगंज, नोएडा उतरप्रदेश को पकड़ा गया।

# एमपी का एक तस्कर 10.902 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- ओडिशा बार्डर में कर रहा था बस का इंतजार, तभी पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

ओडिशा से गांजा लेकर विदिशा जाने की फिराक में बस का इंतजार कर रहे तस्कर को नगरनार पुलिस ने एलएच 63 स्थित धनपुंजी फारेस्ट नाका के करीब घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक लाख रुपए से अधिक का गांजा बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया। गांजा तस्करी रोकने बस्तर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्री



श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

टीम द्वारा एनएच स्थित धनपुंजी नाका के करीब बस का इंतजार कर रहे एक आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। उसके कब्जे से 10.902 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 1 लाख 9020 रूपए आंका गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह ओडिशा से ▶▶ शेष पेज 10 पर

### सप्ताहभर में आधा दर्जन तस्कर पकड़े गए

नगरनार पुलिस द्वारा सप्ताह भर के भीतर ओडिशा से गांजा की तस्करी करने वाले एमपी, यूपी, ओडिशा व छग के आधा दर्जन तस्करों को गिरफ्तार कर लाखों रूपए का गांजा जब्त कर जेल भेजने में कामयाब रही है।

### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक सतोष सिंह के अलावा एएसआई जदूराम बघेल, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, आरक्षक चंद्रकुमार कंवर, दसरू नाग, चंद्रशेखर जांगड़े व डीएसएफ आरक्षक वीरेंद्र ठाकुर की अहम भूमिका रही।

# युक्तियुक्तकरण में शिक्षक नहीं थे, ऐसे स्कूलों में दर्ज संख्या के मान से पदस्थापना : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- जिला शिक्षाधिकारी के आश्वासन के बाद आत्मानंद स्कूलों में शिक्षक मिलेंगे

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल में प्रवेश उत्सव में जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने विद्यार्थियों, शिक्षक शि क्षि का ओं, अभिभावकों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि 16 जून को प्रदेश के शासकीय और निजी स्कूल प्रारंभ हो गए हैं। सरकार की प्राथमिकता प्राथमिक शाला से लेकर हायर सेकेंडरी तक युक्ति युक्तकरण के तहत जहां शिक्षक नहीं थे वैसे विद्यालयों में दर्ज संख्या



के मान से शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। मुख्यमंत्री से प्राप्त निर्देश के अनुसार गांव तक सभी सुविधा पहुंचे इसके लिए शासन और विभाग नए उत्साह और ऊर्जा से कार्य कर रहा है। इसके लिए कुछ लक्ष्य रखे गए हैं,जैसे शत प्रतिशत दाखिला,शाला त्यागी बच्चों का विद्यालय में प्रवेश आदि सम्मलित है। शासन की ओर से दी जाने वाली सुविधाएं विद्यार्थी तक ▶▶ शेष पेज 10 पर

# शराब के नशे में शिक्षक स्कूल पहुंचा, कैमरे पर कबूली सच्चाई

**घाटलोहंगा।** शिक्षा सत्र के पहले ही दिन एक शिक्षक शराब के नशे में स्कूल पहुंच गया और कैमरे पर खुद स्वीकार कर लिया कि वह पीकर आया है। मामला बस्तर विकासखंड के संकुल केंद्र बड़का मधोता अंतर्गत प्राथमिक शाला माटापारा मधोता का है।



बताया गया कि शाला के प्रधान पाठक नड़गुराम कश्यप अपनी बिटिया की शादी के चलते अवकाश पर हैं, जिनकी अनुपस्थिति में संकुल समन्वयक द्वारा पूरन सिंह नाग को एक दिन के लिए स्कूल संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन शिक्षक ने अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीरता दिखाने के बजाय नशे में मदमस्त होकर स्कूल पहुंच गया। यह वही शिक्षक है जिसने तीन दिन पहले ही नशा नहीं करने की शपथ लेकर प्रमाण पत्र ऑनलाइन ▶▶ शेष पेज 10 पर

# बच्चे कम आए, शाला प्रवेशोत्सव दूसरे दिन मनेगा

**जगदलपुर।** सोमवार को जिला मुख्यालय के नजदीक शासकीय हाई स्कूल हाटकचोरा में शाला प्रवेश नहीं मनाने की जानकारी मिली है। शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अभय दिक्षित ने कहा कि स्कूल प्रबंधन ने शाला प्रवेश उत्सव की सूचना नहीं भेजी। जबकि स्कूल के प्राचार्य बीके डोंगरे ने ▶▶ शेष पेज 10 पर




### विद्यार्थियो की संख्या कम थी

स्कूल के सभी विद्यार्थियो को एवं उनके पालकों को सप्ताह भर पहले ही 16 जून को शाला प्रवेश उत्सव आयोजन में सम्मिलित होने कहा गया था। पालकों को भी इसकी सूचना देकर अपने बच्चों के साथ शाला प्रवेश उत्सव में सम्मलित होने का निमंत्रण दिया गया था। बावजूद आज प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधार्थियो की संख्या कम होने से माध्यमिक और हाई स्कूल का प्रवेश उत्सव आयोजन नही हो सका। यह आयोजन 17 जून को बड़े उत्साह के साथ किया जाएगा।

- **बीके डोंगरे**, प्राचार्य हाटकचोरा हाईस्कूल



## पढ़ते समय ही भविष्य का लक्ष्य निर्धारित करें: पाण्डे

**जगदलपुर।** शिक्षा सत्र आरंभ होने के पहले दिन सोमवार को शासकीय हाईस्कूल भैरमगंज, माध्यमिक शाला भैरमगंज, एवं प्राथमिक शाला भैरमगंज में महापौर संजय पांडे मुख्य अतिथि ने शाला प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया। महापौर ने नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। अतिथियों द्वारा बच्चों को गणवेश वितरण किया गया। महापौर ने सभी नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ▶▶ शेष पेज 10 पर

## संकल्प से सिद्धि तक भाजपा का जनसंपर्क अभियान शुरू

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 11 वर्षों में भारत ने रचा इतिहास : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/लोहंडीगुड़ा

- भाजपा जो कहती है, उसे सिद्ध करके दिखाती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 गौरवशाली वर्षों की पूर्णता के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प से सिद्धि तक जनसंपर्क अभियान देशभर में प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में आज लोहंडीगुड़ा मंडल कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद महेश कश्यप उपस्थित रहे। सांसद ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 11 वर्षों में भारत ने इतिहास रचा है,चाहे वह आर्थिक सुधार हों, वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा हो,





या फिर सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां। भाजपा जो कहती है, उसे सिद्ध करके दिखाती है। कार्यशाला में रणनीतिक संवाद, विचार-विमर्श एवं जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया गया।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरसिंग ठाकुर,पूर्व मंडल अध्यक्ष तूलसी ठाकुर,पूर्व मंडल अध्यक्ष बालसिंग ठाकुर,बुधराम बघेल,बोंजा राम मौर्य,बलिराम बघेल,सुदरू सेठिया,झीतरू कश्यप,मथुरा यादव,विकेश रंगारी,दिनूराम कश्यप,रैतू कश्यप और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नक्सलवाद पर अब निर्णायक चोट

सांसद ने नक्सल समस्या पर केंद्र सरकार के कठोर और सफल दृष्टिकोण की चर्चा करते हुए कहा यह मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और स्पष्ट सुरक्षा नीति का ही परिणाम है कि नक्सलवाद पर अब निर्णायक चोट की जा रही है। महासचिव बसवराजू सहित नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी के कई शीर्ष नेता मारे जा चुके हैं। नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर लोकतंत्र की मुख्यधारा में आने का साहसिक निर्णय लिया है। यह नया बस्तर,नया छत्तीसगढ़ और सशक्त भारत की ओर एक स्पष्ट संकेत है।

# कारों में काली फिल्म व शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- यातायात पुलिस ने गीदम रोड व कोड़ेनार मुख्य मार्ग में की कार्रवाई

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने यातायात पुलिस द्वारा एक ओर जहां वाहन चालकों को समझाईश देकर जागरूक किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। जांच के दौरान वाहनों में काली फिल्म लगाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। ट्रेफिक डीएसपी संतोष जैन ने बताया किए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व



एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गीदम मार्ग व कोड़ेनार में वाहनों की जांच के दौरान दर्जनों ट्रक चालकों के अलावा चार पहिया व दुपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने समझाईश देकर जागरूक किया गया। अभियान के दौरान एएसआई ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### माकड़ी ब्लॉक में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**कोण्डागांव।** शिक्षा सत्र 2025–26 के प्रारंभ होते ही, माकड़ी विकासखंड की समस्त शालाओं में शाला प्रवेश उत्सव बड़े जोर–शोर से मनाया जा रहा है। इस दौरान गांव, पारा–मोहल्ले के अप्रवेशी बच्चों को शाला में दाखिला दिलाया जा रहा है। बच्चों के पालक और पहले से स्कूल में पढ़ रहे बच्चे भी नए बच्चों को शाला तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। उड़िदगांव के स्कूल में पहली, छठवीं और नवमीं कक्षा के नवप्रवेशी बच्चों को संस्था प्रमुख द्वारा चंदन टीका लगाकर, शासन से प्राप्त निःशुल्क गणवेश सेट, पाठ्यपुस्तकें और चॉकलेट देकर शाला में प्रवेश दिलाया गया। शिक्षा सत्र 2025–26 के शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बीआरसी ताहिर खान और एबीईओ श्रीराम तारम ने विकासखंड की शालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने संस्था प्रमुखों को शत–प्रतिशत अप्रवेशी बच्चों का दाखिला सुनिश्चित करने, वर्तमान गर्मी में बच्चों के लिए पेयजल की उत्तम व्यवस्था करने, शाला भवन की साफ–सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिन शालाओं में यू–डाइस प्रोग्रेशन पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने और शालाओं की आवश्यक पंजी संधारण करने को कहा गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम उड़िदगांव में संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, ग्राम प्रमुख, सरपंच, पंच, पालक और बच्चे शामिल हुए।

# स्कूल का मरम्मत कार्य समय पर नहीं हो पाया पूरा, छात्रों को होगी परेशानी

**जतन योजना के तहत हुआ मरम्मत कार्य गुणवत्ताहीन, ग्रामीणों ने की शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

नरहरपुर विकासखंड के ग्राम सिहारीनाला में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का मरम्मत कार्य में समय पर पूरा नहीं हो पाने के कारण छात्रों को परेशानी होगी। ग्रामीणों की मानें तो मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूल का मरम्मत कार्य तकनीकी दृष्टि से गुणवत्ताहीन है, जाँच करवाकर संबंधितों पर कार्यवाही करने की बात सामने आ रही है।

जानकारी के अनुसार शाला भवन की मरम्मत कार्य को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पूरा किया जाना था, ताकि नए सत्र शुरू होते ही छात्रों को एक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके, लेकिन 16 जून से स्कूल खुल चुके है और स्कूल भवन का कार्य अभी भी अधूरा पड़ा है। न छत की मरम्मत पूरी हुई, न प्लास्टर का कार्य संपन्न हुआ और न ही रंग-रोगन जैसी अंतिम तैयारियाँ की गईं। इस अधूरे कार्य के कारण आने वाले सत्र में छात्रों को फिर से असुविधा और जोखिम भरे वातावरण में पढ़ाई करनी पड़ेगी। स्थानीय नागरिकों और स्कूल स्टाफ के अनुसार, मरम्मत कार्य में जिस तरह की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, वह बेहद निम्न स्तर की है। सीमेंट और रेत के अनुपात में स्पष्ट गड़बड़ी देखी जा रही है। प्लास्टर दीवारों से उखड़ रहा है और छत पर पानी का रिसाव अब भी जारी है। सवाल यह है कि आखिर इस कार्य की तकनीकी निगरानी कौन कर रहा है, यह कार्य सीधे तौर पर ठेके पर सौंप दिया गया है, जबकि खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से कोई भी नियमित निरीक्षण या मॉनिटरिंग नहीं की गई है। कार्यस्थल पर कोई सूचना पटल तक नहीं लगाया गया है, जिससे यह जान सकें कि किस एजेंसी को ठेका दिया गया, कितनी लागत स्वीकृत हुई और कार्य की समय-सीमा क्या थी।



### बच्चों की सुरक्षा के साथ हो रहा खिलवाड़

पालकों का कहना है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण बच्चों को हर बार खराब भवन और असुरक्षित माहौल में पढ़ाई करनी पड़ती है। हम चाहते है कि गर्मियों की छुट्टियों में स्कूल पूरी तरह तैयार हो जाए, ताकि बच्चों को सत्र के पहले दिन से अच्छी व्यवस्था मिले। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, यह शिक्षा के साथ मजाक है।

**शिक्षकों ने काली पट्टी लगाकर जताया असंतोष, युक्तियुक्तकरण पर जताई नाराज़गी**

# युक्तियुक्तकरण से नाराज शिक्षक कोण्डागांव में कर रहे हैं विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले के शिक्षक 16 जून से 30 जून तक शासन की युक्तियुक्तकरण नीति के विरोध में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए काली पट्टी लगाकर स्कूल पहुँच रहे हैं। यह प्रदर्शन शिक्षक साझा मंच के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से किया जा रहा है। शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं और विसंगतियों पर आक्रोश जताया है। उनका कहना है कि यह प्रक्रिया उनके भविष्य और स्कूलों की कार्यप्रणाली दोनों को प्रभावित कर रही है।

- 30 जून तक काली पट्टी लगाकर होगा विरोध



### शाला प्रवेश उत्सव में भी जारी रहेगा विरोध

शिक्षकों ने तय किया है कि शाला प्रवेश उत्सव जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों में भी वे काली पट्टी लगाकर भाग लेंगे। इससे वे शासन को यह संदेश देना चाहते हैं कि वे बच्चों के हित के लिए समर्पित हैं, लेकिन शासन की नीतियों से व्यथित भी हैं।

### जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को बताएंगे खामियां

शिक्षक साझा मंच ने निर्णय लिया है कि वे एसएमसी के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को युक्तियुक्तकरण की खामियों से अवगत कराएंगे, ताकि आम जनता का भी समर्थन प्राप्त किया जा सके।

### जिला स्तर पर मिला व्यापक समर्थन

कोण्डागांव जिले के पांचों विकासखंडों के हजारों शिक्षकों ने काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। लगभग सभी शैक्षणिक संस्थानों से शिक्षक इस आंदोलन में शामिल हो रहे हैं।

### जन आंदोलन की ओर बढ़ता शिक्षक आंदोलन

शिक्षक साझा मंच अब सामाजिक संगठनों और आम जनता से भी समर्थन लेने की दिशा में प्रयासरत है। यह आंदोलन अब केवल शिक्षकों का न रहकर एक जन आंदोलन बनने की ओर अग्रसर है।

### जिला संचालक ऋषिदेव सिंह ने रखी अपनी बात

शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक ऋषिदेव सिंह ने कहा, विद्यालय का पहला दिन काली पट्टी लगाकर जाना हमारे लिए पीड़ादायक है, लेकिन यह हमारी विवशता है। शासन से कोई हमारी बात नहीं सुन रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री से संवेदनशीलता दिखाकर 2008 के सेटअप के आधार पर पुनः युक्तियुक्तकरण करने की मांग की।

# शारीरिक बाधाओं को मात देकर चमका हीरालाल का सितारा

**सुरीली आवाज़ से बना सबका चहेता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



अबूझमाड़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कोड़ोली में रहने वाले सरपंच राजू बेंजामी के दिव्यांग पुत्र हीरालाल ने अपनी मधुर आवाज़ और अद्भुत गायन प्रतिभा से क्षेत्र में एक विशेष स्थान बना लिया है। कठिन परिस्थितियों और शारीरिक सीमाओं के बावजूद, उसकी आवाज़ में वह गहराई और भावनात्मक स्पर्श है जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उसकी आवाज़ में प्रकृति की मिठास और आत्मा की सच्चाई झलकती है। इस बालक की प्रतिभा की सराहना अब प्रशासनिक स्तर तक भी पहुँच चुकी है। छत्तीसगढ़ शासन के वनमंत्री एवं नारायणपुर क्षेत्र के विधायक केदार कश्यप ने भी बालक की प्रतिभा पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

- यह बालक पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा है : वनमंत्री
- स्थानीय विधायक एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने की प्रशंसा

### हरसंभव सहयोग देंगे

ऐसे बच्चों की प्रतिभा हमें यह सिखाती है कि असली शक्ति मन में होती है, न कि शरीर में। यह बालक पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मैं उसकी लगन और हुनर को सलाम करता हूँ और हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर हूँ।

- केदार कश्यप, वनमंत्री

### गांव-गांव से मिल रही सराहना

ग्राम कोड़ोली और आस-पास के क्षेत्र में इस बालक की सराहना बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि उसकी प्रतिभा को राज्य स्तर पर भी मंच मिले, जिससे वह न केवल अपने गाँव का, बल्कि पूरे अबूझमाड़ अंचल का नाम रोशन कर सके।

## पेज 9 के शेष

### चलित इंश्योरेंश आफिस...

दर्ज कराई गई थी। प्रार्थी रिटायर्ड उप प्रबंधक आनंदराव देशमुख ने वर्ष 2015 में एसडीएफसी लाईफ का बीमा पॉलिसी करवाया था। जिसका एक प्रिमियम का भुगतान के पश्चात आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से प्रीमियम को भुगतान नहीं कर पा रहा था। इसके बाद अक्टूबर 2023 से उन्हें लगातार अनजान नम्बरों से फोन आ रहा था। जिसमें फोन करने वाले स्वयं को आईआरडीआर का अधिकारी हूँ। कहकर बताया गया कि आपका बंद हुआ बीमा पॉलिसी की मेच्योरिटी का आपको पूरा पैसा मिलेगा। यदि आप इस पॉलिसी को रिन्यू नहीं कराते है तो यह पॉलिसी बंद हो जाएगी, कहकर बताया गया। जिसके बाद प्रार्थी के द्वारा वर्ष 2023 से लगातार फोन के द्वारा बताये गये अलग-अलग खातों में कुल 20 लाख 90 हजार 28 दिया गया। इसके बाद प्रार्थी को फ्रॉड होने की आशंका होने पर थाना कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराने पर मामला दर्ज किया गया था।

इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका : कार्रवाई में निरीक्षक भोलाराम राजपूत, विकेश तिवारी, गौरव तिवारी, एसआई अमित सिदार, प्रधान आरक्षक विनोद चांदले, लोमेश दिवान, मौसम गुप्ता, आरक्षक धर्मेन्द ठाकुर, मुकन्द भंडारी, गौतम सिन्हा, कृष्णा सावडे व राधिका नेताम की अहम भूमिका रही।

### एमपी का एक ....

गांजा खरीदकर विदिशा ले जाने बस का इंतजार कर रहा था। मामले में पुलिस ने आरोपी संतोष मालवीय 37 वर्ष निवासी जुकरजोगी तहसील लटेरी थाना लटेरी जिला विदिशा मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### युक्तियुक्तकरण में ....

पहुंचे। छत्तीसगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में नए मुकाम हासिल करे।उन्होंने कहा कि आत्मानंद स्कूलों में एक सप्ताह के अंदर जितने भी रिक्त पद है उसमें शिक्षकों की पूर्ति होगी। जिन-जिन विषय के शिक्षक नहीं है एक सप्ताह के अंदर मिल जाएंगे।

उत्साह के साथ शिक्षक पढ़ाएं, बच्चे पढ़ें : श्री बघेल ने कहा, सभी शिक्षक और विद्यार्थी ऊर्जा और उत्साह के साथ शिक्षक पढ़ायें बच्चे पढ़ें यही मेरी शुभकामनाएं हैं। यहां आप सभी विद्यार्थी और शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ अभिभावकों की खुशी देखकर मुझे प्रसन्नता हो रही है।

विद्यार्थियों और शिक्षक- शिक्षिकाओं में उत्साह : प्राचार्य विधु शेखर झा ने कहा कि पहले दिन से ही हमारे यहां विद्यार्थियों और शिक्षक शिक्षिकाओं में उत्साह है। आज प्रथम दिन से ही मध्यान्ह भोजन के साथ नाश्ता भी विद्यार्थियों को दिया गया। कक्षाएं संचालित की गई। शासन और प्रशासन दिए गए निर्देश के अनुसार सर्वश्रेष्ठ कार्य करने हेतु कृत संकल्पित है। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य इरम रहीम ने किया।

### शराब के नशे ....

अपलोड किया था।

शोकाज नोटिस जारी : विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने कहा, यह मामला मेरे संज्ञान में आया है शिक्षक नशे में पाया गया है शोकाज नोटिस जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किया गया है जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चे कम आए ...

कहा प्रायमरी स्कूल में सुबह शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। माध्यमिक और हाई स्कूल,हायर सेकंडरी स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या न्यूनतम होने से आज प्रवेश उत्सव आयोजन रद्द कर 17 जून को मनाने का निर्णय लिया गया है।

### पढ़ते समय ही .....

जीवन में पढ़ाई का विशेष महत्व है। सभी बच्चों को पढ़ाई करते अपनी अपनी भविष्य में लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने की बात कही। इस दौरान निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,एम आई सी सदस्य निर्मल पानीग्राही एवं हायर सेकंडरी विद्यालय प्राचार्या रेबा बोस, माध्यमिक शाला प्रभारी प्रधानाध्यापिका मनीषा महापात्र, प्राथमिक शाला प्रधानाध्यापिका दयमती बघेल एवं शाला के शिक्षकगण रमाकांत द्विवेदी, मोनिका जैन, सीमा घोष, मालती साव, मोहम्मद ताहीर शेख, ऋषभ शिवहरे, स्मृति बुड़ेक उपस्थित थे।

### कारों में काली फिल्म.....

सुदर्शन दुबे, यतेंद्र देवांगन व राजकुमार आडील व यातायात अमले द्वारा गीदम रोड में चेकिंग अभियान के तहत ब्लैक फिल्म लगे शीशे को रोक कर चेक किया गया। वाहन चालक के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा100 के तहत चालानी कार्रवाई कर चालक को आवश्यक समझाइश भी दिया गया। इसी तरह अमले द्वारा कोड़ेनार रोड में सड़क दुर्घटना के रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के तहत ट्रक एवं अन्य वाहन चालकों की जो शराब पीकर वाहन चलाने की आशंका पर संबंधित चालकों की जांच की गई। दोषी वाहन चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए समन शुल्क वसूला गया।

यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचें : जाचं के दौरान वाहन चालकों को जागरूक करते हुए अनिवार्य यातायात नियमों का पालन करने कहा गया। वाहन चालकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें जिससे स्वयं दुर्घटनाओं से बच सकते है तथा दूसरों को भी दुघटना से बचाया जा सकता है। चालकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय शराब का सेवन न करें, सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाए तथा वाहनों के सम्पूर्ण दस्तावेज व लाईसेंस साथ रखें जिससे चालानी कार्रवाई से बचें और नियमों का पालन कर दूसरों को भी जागरूक करे।

# कांग्रेसियों ने ईडी और भाजपा का पुतला फूंका



**नारायणपुर।** केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम करते हुए प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा जिला मुख्यालय, सुकमा स्थित राजीव भवन को अटैच किये जाने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शहर जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 16 जून को तहसील ऑफिस के सामने भाजपा व ईडी का पुतला दहन किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन ने बताया कि ईडी भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार की कठपुतली बनकर रही गई है। उनके इशारे पर ही सुकमा के राजीव भवन को अटैच किया गया है। जिसके विरोध मे भाजपा व ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। रवि देवांगन ने कहा कि कांग्रेस को बदनाम करने की नियत से प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारे पर सुकमा के राजीव भवन में छापेमार कार्यवाही कर परेशान किया जा रहा है। जिसका कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है। भाजपा सरकार राजनीति दुर्भावनावश यह कार्य किया जा रहा है। कांग्रेस इससे डरने वाले नहीं है और न्याय की लड़ाई के लिए हर संघर्ष स्वीकार करती है। केन्द्र की मोदी व प्रदेश की भाजपा सरकार जानबूझकर कांग्रेस नेताओं पर दबाव बनाने उन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसका हम कांग्रेसजन कड़ा विरोध करते है।

**ये रहे उपस्थितः** पुतला दहन कार्यक्रम मे बिसेल नाग अध्यक्ष जिला कांग्रेस, रघु मानिकपुरी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, शेख तौहीद अहमद महासचिव जिला कांग्रेस, वेदबती पात्र महासचिव प्रदेश महिला कांग्रेस रशीला कश्यप अध्यक्ष महिला कांग्रेस, बोधन देवांगन अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, विजय सलाम अध्यक्ष एनएसयूआई, प्रमोद नैलवाल पूर्व उपाध्यक्ष नपा. नारायणपुर, पंडी राम वड्डे पूर्व अध्यक्ष जनपद नारायणपुर, गजा पटेल पूर्व एल्डरमैन रमेश ध्रुव कांग्रेस सदस्य एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ बच्चों के स्वागत से हुआ

**बीजापुर।** प्रदेशभर में शिक्षा को जनआंदोलन का रूप देने तथा प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से आज शाला प्रवेश उत्सव का जिले में उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बीजापुर के कोतापाल प्राथमिक शाला में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कलेक्टर संबित मिश्रा ने भाग लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने उपस्थित शिक्षकों एवं पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मध्याह्न भोजन योजना से कोई भी बच्चा वंचित न रहे तथा सभी बच्चों को समय पर गणवेश और पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई जाए। विद्यालय परिसर में आयोजन को लेकर उत्सव जैसा माहौल रहा। बच्चों की मुस्कुराहट, नए गणवेश, और हाथों में तिरंगा थामे विद्यार्थियों ने इस दिन को शैक्षणिक पर्व में बदल दिया। कलेक्टर ने बच्चों के साथ संवाद भी किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिले भर में वेंडे वर्राट पन्डूम अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहले दिन छात्रों को जन्म प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया, ताकि बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने में कोई बाधा न रहे।

### बच्चों को मिला जाति प्रमाण पत्र

कलेक्टर के पहल पर बच्चों का व्यापक स्तर पर मिशन मोड में राजस्व एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से जाति प्रमाण पत्र भी बनाया गया जिसे स्कूल खुलने के पहले दिन वितरण किया गया। जाति प्रमाण पत्र पाकर बच्चों और पालकों में खुशी देखने को मिला। बिना किसी दफ्तर के चक्कर काटे सुगमतापूर्वक जाति प्रमाण पत्र मिलने पर पालकों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# नारायणपुर में 33वीं बटालियन के नेतृत्व में रक्तदान शिविर

**15 लोगों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 33वीं बटालियन के सीओबी ब्लॉक ए में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कमांडेंट प्रियवत शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर की जिम्मेदारी सीओबी ब्लॉक ए के इंचार्ज निरीक्षक संजय कुमार एवं सीएसओ सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह द्वारा निभाई गई। इस रक्तदान शिविर में कुल 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक सेवा में अपना योगदान दिया।

- कमांडेंट प्रियवत शर्मा के मार्गदर्शन में शिविर का सफल आयोजन, एनसी नाहर माईन्स व एसएसबी जवानों की भी भागीदारी

रक्तदाताओं में एनसी नाहर माईन्स कंपनी के सदस्य एवं एसएसबी के जवानों की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। शिविर का संचालन जिला अस्पताल, नारायणपुर की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम द्वारा किया गया। सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार भोयर के निर्देशन में यह शिविर संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. शुभांशु गुप्ता के पर्यवेक्षण में सीनियर लैब टेक्नीशियन अमलचंद एवं सोम जी पोटाई ने शिविर को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला अस्पताल की टीम ने 33वीं बटालियन के कमांडेंट एवं आयोजन समिति को इस सामाजिक एवं मानवीय पहल के लिए हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। यह आयोजन रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा देने वाला एवं समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा।

**मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर लगी प्रदर्शनी, हुआ प्रोफेशनल मिट**

# 'संकल्प से सिद्धि' में मोदी सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शनी में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को 'संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर परिसर के समीप एक भव्य प्रदर्शनी एवं प्रोफेशनल मिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों व आमजन की उत्साहजनक भागीदारी रही।

- डिजिटल इंडिया से लेकर सुरक्षा तक, वक्ताओं ने गिनाए मोदी सरकार की प्रमुख योजनाएं और निर्णय

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई गरीब कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीते 11 वर्षों में देश ने जनसेवा और विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना, पीएम किसान योजना जैसी



योजनाओं ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी मदद पहुंचाने का काम किया है। नगर पालिका अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल ने देश की आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा के मुद्दों पर सरकार की मजबूती का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने आतंकवाद और सीमा सुरक्षा के मोर्चे पर साहसिक निर्णय लिए हैं, जिससे देशवासियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य गौतम गोलछा ने विकसित भारत की संकल्पना को साझा करते हुए कहा कि विकास अब महज नारा नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं ने युवाओं को अवसर दिए हैं। कार्यक्रम के जिला संयोजक बृजमोहन देवांगन ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन को मोदी सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों से अवगत कराना है।

### विदेश नीति में नया युग

प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति ने वैश्विक मंचों पर भारत की सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। पड़ोसी देशों से संबंधों में मजबूती आई है तो वहीं अमेरिका, जापान और यूरोपीय देशों से रणनीतिक साझेदारी गहरी हुई है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पिंकी उसेंडी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, भाजपा जिला महामंत्रीद्वय संजय नंदी, संदीप कुमार झा, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवती हलधर एवं भाजपा कार्यकर्ताओं सहित नगर के प्रबुद्धजन एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियां

- 11 वर्षों के कार्यकाल में केंद्र सरकार ने अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए, जिनमें प्रमुख हैं:
- आर्थिक सुधारः जीएसटी लागू कर टैक्स प्रणाली को सरल बनाया गया, वहीं नोटबंदी जैसे निर्णय से काले धन पर प्रहार किया गया।
- स्वच्छ भारत अभियानः खुले में शौच से मुक्ति और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता में अभूतपूर्व सफलता मिली।
- प्रधानमंत्री आवास योजनाः लाखों गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए, जिससे आवास संकट में कमी आई।

### भाजपा की भविष्य दृष्टि

कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि भाजपा आने वाले समय में भी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र पर चलते हुए देश को समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रसर रहेगी।

## खबर संक्षेप

### गर्भवती महिला को अतिशेष मानकर 46 किलोमीटर दूर भेजा गया

**जगदलपुर।** प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि गर्भवती शिक्षिका प्राथमिक शाला मांझीगुडा विकासखंड जगदलपुर में 1 प्रधान अध्यापक तथा 2 सहायक शिक्षक(एल बी) कार्यरत हैं। तथा स्कूल की दर्ज संख्या 52 है। युक्तियुक्तकरण नियमानुसार 60 की दर्ज संख्या पर दो ही शिक्षक कार्यरत रहेंगे अर्थात इस स्कूल से 1 शिक्षक अतिशेष होगा । शिक्षक अतिशेष का निर्धारण करते समय अधिकारी डेढ़ वर्षो से जगदलपुर जेल (कारावास) में परिरूढ़ शिक्षक को अतिशेष से मुक्त करते हुए 7 माह से गर्भवती शिक्षिका को अतिशेष बताकर, जगदलपुर से 46 किलोमीटर दूर प्राथमिक शाला बागबाहर रोतमा विकासखंड बस्तर में पदांकन कर दिया गया। यहां उल्लेखनीय है कि जिस जेल में बंद शिक्षक जेल से छूटने के बाद इसी शाला में यथावत नहीं रह सकता तो शिक्षिका अतिशेष की श्रेणी में कैसे आएगी। यहां व्यावहारिक रूप से भी अधिकारियों को इस पर विचार करना चाहिए था। गजेंद्र श्रीवास्तव ने कलेक्टर से मांग की है कि ऐसे प्रकरण पर तत्काल निर्णय लेकर शिक्षिका का युक्तियुक्तकरण आदेश निरस्त करें।

### सातों विकासखंडों में शिविरों का आयोजन आज से

**जगदलपुर।** भारत सरकार द्वारा जिले में आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संचालित है। इसके तहत 30 जून तक बस्तर जिले के चयनित ग्रामों में धरती आबा-जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर नामक एक केंद्रीत अभियान किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य अंतिम स्तर पर व्यक्तिगत अधिकारों को प्राप्त कराना एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के बारे में जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम के तहत ग्रामों में शिविर का आयोजन करने तथा जमीनी स्तर पर विभिन्न योजनाओं का निष्पादन करते हुए लंबित अंतराल को पूर्ण करने तथा लाभार्थियों की पहचान कर योजनाओं को सामुदायिक गतिशीलता प्रदान करना है। इस हेतु जिले के सातों विकासखंडों में शिविर आयोजित की जाएगी। इसके लिए नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। विकासखण्ड जगदलपुर के तहत नगरनार में 17-18 जून को, बाबूसेमरा में 18-19 जून को, तितिर गांव में 19-20 जून को, कवालीकला में 20-21 जून को, साड़गुड़ में 23-24 जून को और नियानार में 24-25 जून को क्लस्टर स्तर पर शिविर आयोजित की जाएगी। विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा में बदरेंगा में 17-18 जून को, चित्रकोट में 18-19 जून को, अलनार में 19-20 जून को, बाघनपाल में 20-21 जून को, उसड़ीबेड़ा 23-24 जून को आयोजित होगी। विकासखण्ड बास्तानार के तहत बास्तानार में 17-18 जून को, पालानार में 18-19 जून को। विकासखण्ड बस्तर के तहत घोटिया में 17-18 जून को, सिवनी में 18-19 जून को, भानपुरी में 19-20 जून को, लामकेर में 20-21 जून को, चोकर में 23-24 जून को, इच्छापुर में 24-25 जून को, सालेमेटा-02 में 25-26 जून को आयोजित होगा। इसी प्रकार बकावण्ड विकासखण्ड के जैबेल में 17-18 जून को, कोलावल में 18-19 जून को, जैतगिरी में 19-20 जून को, मूली 20-21 जून को, कचनार में 23-24 जून को, करीतगांव में 24-25 जून को, बकावण्ड में 25-26 जून को, तारापुर में 26-28 जून को और मोहलाई में 27-28 जून को होगी। विकासखंड तोकापाल में ग्राम पोटानार में 17-18 जून को, सिंगनपुर में 18-19 जून को, रायकोट में 19-20 जून को, कुरेंगा में 20-21 जून को, तोकापाल में 23-24 जून को, केशलूर में 24-25 जून को होगा। विकासखंड दरभा में ग्राम ढोढरेपाल में 17-18 जून को, चिंगपाल में 18-19 जून को, पखनार में 19-20 जून को और मावलीपदर में 20-21 जून को कलस्टर स्तर पर शिविर का आयोजन किया जाएगा।

पूर्व विधायक ने राज्यपाल को पत्र लिखकर जल्द कार्रवाई की मांग की

# कुलपति को हटाएं और भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर में प्राध्यापकों की सीधी भर्ती प्रक्रिया को लेकर क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता संतोष बाफना ने इसे आरक्षण घोटाला बताते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर सम्पूर्ण भर्ती प्रक्रिया को ही निरस्त करने एवं कुलपति प्रोफेसर मनोज श्रीवास्तव को तत्काल पद से हटाने की मांग की है।

इस मामले को लेकर पूर्व विधायक संतोष बाफना का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नियमों को ताक में रखकर भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किया गया एवं नियमों के विरूद्ध अंसवैधानिक तरीके से अपने पंसदीदा उम्मीदवारों को लाभ पहुंचाने के लिए भारी अनियमितताएं एवं पक्षपातपूर्ण तरीके से भर्ती प्रक्रिया को अंजाम दिया गया।

उन्होंने कहा कि शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में नियमों के तहत स्वीकृत रिक्त पदों की संख्या में अवैध तरीके से फेरबदल करते हुए नियम विरूद्ध 1 सह-प्राध्यापक के स्थान पर 2 सह-प्राध्यापक एवं 4 व्याख्याता के स्थान पर 4 सहायक प्राध्यापक पद की जारी विज्ञापन में संख्या दिखाई गई। और इन पदों पर भी आरक्षण रोस्टर बनाते समय नियमों का बिल्कुल भी पालन नहीं किया गया, जिसकी वजह से आरक्षण रोस्टर पूरी तरह से गलत हो गया, क्योंकि व्याख्याता और सहायक प्राध्यापक दोनों के ही पदनाम अलग-अलग हैं बल्कि दोनों पदों के वेतनमान में भी काफी अंतर है। तथा जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण तथा राष्ट्रीय संस्थानों से पीएचडी प्राप्त आदिवासी महिला एवं विकलांग उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया । इसके साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीट पर सामान्य वर्ग के उम्मीदवार का चयन किया गया जो कि अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार के साथ सीधा अन्याय है, इससे न केवल संविधान की भावना का उल्लंघन हुआ है बल्कि विश्वविद्यालय प्रशासन का यह रवैया आरक्षण नीति के खिलाफ भी है।

## भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किया गया

### कुलपति की भूमिका विवाद से भरा

कुलपति प्रोफेसर मनोज श्रीवास्तव की भूमिका सम्पूर्ण भर्ती प्रक्रिया के दौरान भ्रष्टाचार से युक्त संलिप्त व संदेहास्पद नजर आती है क्योंकि भर्ती के दौरान नियमों को ताक में रखकर की गई तमाम गड़बड़ियां बिना कुलपति की दखल के संभव ही नहीं है। उम्मीदवारों के चयन से लेकर नियुक्ति एवं पदभार ग्रहण करने तक के फैसले कुलपति द्वारा लिए गये। इन शैक्षणिक पदों की भर्ती में लाखों रुपए प्रत्येक पद हेतु घूस लेने की शिकायतें लोगों ने की है।

### एक वर्ग का हक दूसरे को दिया गया



पूर्व विधायक बाफना ने कहा है कि शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा भर्ती प्रक्रिया में की गई इस प्रकार की गड़बड़ी व लापरवाही के चलते न केवल अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला एवं विकलांग वर्ग के योग्य उम्मीदवारों को मानसिक आघात पहुंचा है बल्कि उनके भविष्य पर भी संकट खड़ा हो गया है। इस संबंध में प्रभावित उम्मीदवारों ने उच्च स्तर पर पत्राचार के माध्यम से अपनी बात पहुंचाई, लेकिन पत्राचार के अतिरिक्त अब तक इस मामले पर कोई भी समाधान नहीं हुआ। इससे योग्य उम्मीदवारों की यह आशंका और भी अधिक गहरी होती जा रही है और यह पूरा मामला एक आरक्षण घोटाला की तरह प्रतीत हो रहा है। जिसमें एक वर्ग का हक काटकर दूसरे वर्ग को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए बाफना ने कुलाधिपति व राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर में प्राध्यापको की सीधी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने एवं कुलपति मनोज श्रीवास्तव की संलिप्त व संदेहास्पद भूमिका के लिए उन्हें तत्काल पद से हटाने व संदेही चयनित उम्मीदवारों के चयन की निष्पक्षता से जांच हेतु समिति का गठन करने और मामले में दोषी पाए जाने वाले विश्वविद्यालय प्रशासन के संलिप्त अधिकारियों पर भी कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# बस्तर के लोगों को मिले उनका हक : नवनीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस जे छत्तीसगढ़ पार्टी ने नगरनार एनएमडीसी में भर्ती को लेकर सोमवार को धरना प्रदर्शन किया । मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद ने कहा बस्तर के बाहर महंगे रिसोर्ट में साक्षात्कार लेने की बजाय स्थानीय नगरनार परिसर में किया जाए । वही ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधा सड़क पानी बिजली शिक्षा जैसे मुद्दे के साथ धरना प्रदर्शन का किया गया। आंदोलन स्थल पर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।

संयोजक ने कहा बस्तर में नौकरी के लिए भर्ती निकाल रहे हैं परन्तु साक्षात्कार राजधानी या बस्तर से बाहर बड़े महंगे रिसोर्ट में लिए जाते है यह अन्याय है बस्तर

- **नगरनार में एनएमडीसी के सामने मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस ने दिया धरना**

को उसका अधिकार मिलना चाहिए। आज भी सड़क पानी बिजली स्कूल शिक्षा की पीड़ा उठाने लोग मजबूर है। मुक्ति मोर्चा और जनता कांग्रेस अपनी बात जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाने विवश होकर सड़कों पर उतरी है परंतु जब तक यहां के बेरोजगार युवा भाइयों बहनों के साथ ग्रामीण आदिवासियों के अधिकारों के साथ न्याय नहीं होगा हम डटे रहेंगे। इस महा धरना को अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान

शंकर लाल नेताम जिला अध्यक्ष कोंडागांव, विनोद सोरी युवा मोर्चा संभागीय अध्यक्ष, भारत कौशिक संभागीय उपाध्यक्ष ,ओम मरकाम युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बीजापुर, सूरज नाग, लकी बंधु, सुखलाल मंडावी, चाम सिंह कश्यप, सुकालू राम बघेल, भंडारी बघेल, सुखराम दीवान, उदय भंडारी, कमल बघेल, के जान आकाश, किशोर गिद्रानी, राजेश गुप्ता, पूर्णिमा मंडल, श्याम राठौरया, दुर्गेश सिंह, लखमा कोराम, शिशुपाल पोयम, रमन मरकामी, कुरसो राम मौर्य, रामनाथ नेगी, संगीता सरकार, पी. आर. वाय. ए. यादव, शीतल बघेल, रूबी पटनायक, शोभा सारथी सहित दूरदराज क्षेत्र से आये युवा मौजूद रहे।

# संघ के जिलाध्यक्ष बने कमलू बघेल

**करपावण्ड।** छग स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, कर्मचारी संघ की सभागीय बैठक का आयोजन शाखा-जगदलपुर में किया गया । जिसमें संघ के प्रदेश पदाधिकारी नंदकिशोर नागपुरे (प्रदेश अध्यक्ष), महामंत्री रितेश तिवाड़ी (प्रदेश महामंत्री) मिलन धनकर(पूर्व प्रान्तीय प्रवक्ता), इंद्रपाल सिंह (महासमुंद संभागीय अध्यक्ष), कामराज नाग (प्रदेश कार्यकारिणी) राजीव ओझा (पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष) एवं बस्तर संभाग के समस्त कर्मचारी सदस्यगण उपस्थित रहे। जिसमें संघ द्वारा आगामी दिवसों में कर्मचारी हित में किये जाने वाले कार्यों के संबंध में चर्चा किया गया। नियमितकरण एवं स्थायीकरण एवं समान कार्य समान वेतन लागू करवाना, श्रमसम्मान राशि 4000 रुपए लागू करवाना, प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से होने वाली भर्तियों का पूर्णरूप से विरोध कर भर्ती पर रोक लगाना, अवकाश दिवस (शनिवार, रविवार, स्थानीय, राजकीय एवं राष्ट्रीय अवकाश) पर कार्य के बदले अतिरिक्त मजदूरी भुगतान दिलाना , भारतीय खाद्य निगम द्वारा अवकाश दिवस पर लगने वाले रैक को कार्यदिवस में लगाने हेतु विभाग द्वारा पत्र जारी करवाना तथा श्रम अधिनियम 1948 को संपूर्णरूप से विभाग में लागू करवाना।



प्रदेश के प्रांताध्यक्ष की अनुमति से बस्तर संभाग के 5 जिलो मे जिलाध्यक्षों की नियुक्ति सर्वसहमति से कि गई है, जिसमें कमलू बघेल बस्तर, संतोष बघेल दंतेवाड़ा ,महेश कुमार सुकमा, मनोहर गुरला बीजापुर एवं परमानंद यादव नारायणपुर के जिलाध्यक्ष मनोनीत किये गए।

# विकास खंड के 363 स्कूलों में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कोंटा विकासखंड के 363 संपूर्ण शाला में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रमों का आयोजन आज से प्रारंभ हो गया है। कोण्टा के संकुल केन्द्र कोण्टा अंतर्गत वार्ड क्र. 6 में संचालित शासकीय कन्या माध्यमिक शाला अंग्रेजी माध्यम कोण्टा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया स्कूल एसएमसी अध्यक्ष जी आदिलक्ष्मी, वार्ड क्र.13 पार्षद पी विजय कुमार, वार्ड क्र. 6 पार्षद अम्बाती देवेंद्र, भाजपा कोण्टा मण्डल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष जी साई रेड्डी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्त्ता गंगाचलम, उदय राज सिंह अमितेश सिंह सेवानिवृत प्रधान अध्यापक बी रामराजू, संकुल समन्वयक जगमोहन, ब्याख्याता दुसन लाल मार्गे, संस्था के शिक्षक सच्चावती नाग, टेकु एंकी, संजीत लकड़ा, द्वारा कक्षा छठवीं, सातवीं, आठवीं के उपस्थित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ देकर छात्र छात्राओं का शाला में आज स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित अतिथि, पालकगण ने सर्वप्रथम माता सरस्वती की पूजा व दीप प्रज्वलित कर बच्चों की शिक्षा उन्नति के लिए प्रार्थना किया। अतिथियों ने बच्चों के लिए प्रोत्साहित वचनों के साथ अपने संबोधन में बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। अतिथियों के करकमलों द्वारा सभी उपस्थित विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तक, कॉपी, पेन, पेंसिल, गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर को और भी खास बनाते हुए न्योता भोज प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत संस्था में कार्यरत शिक्षिका सच्चावती नाग द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर आज सभी को न्योता भोजन कराया गया । भोज में पूरी, आलू मटर की सब्जी, खीर, लड्डू था ।

### एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण

शिक्षासत्र 2025-26 के प्रथम दिवस शाला प्रवेश उत्सव के अवसर में विद्यार्थियों ने जनप्रतिनीधि ,एसएमसी सदस्यो, माताओं की उपस्थित में शाला परिसर में एक पेड मां के नाम 2.0 से पौधा रोपण किया गया।

# मुस्लिम समाज ने कब्रिस्तान के लिए मांगी जमीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुस्लिम समाज ने जनाजे को दफन करने के लिए वर्ष 1890 के पूर्व कब्रिस्तान के लिए 5 एकड़ भूमि शासन द्वारा आबंटित की गई थी उक्त कब्रिस्तान में लंबी अवधि से

- **कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा**

जनाजे को दफनाने का काम किया जा रहा हैं। वर्तमान में कब्रिस्तान पूरी तरह भर गया हैं एवं संपूर्ण स्थल का उपयोग किया जा चुका हैं। वह कब्रिस्तान शहर के मध्य में स्थित हैं वर्तमान में कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्तमान में समाज के सम्मुख जनाजे को दफनाने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई हैं। मुस्लिम समाज इस कठिन परिस्थिति से गुजर रहा हैं। भूमि आबंटन हेतु पूर्व मे भी मुस्लिम समाज की ओर से अनुरोध किया गया हैं।

मुस्लिम समाज की ओर से अंजुमन इस्लामिया एडहॉक कमेटी के सदर तथा कार्यकारी अध्यक्ष डॉ एस. जहीरूददीन के नेतृत्व में कलेक्टर को कब्रिस्तान हेतु भूमि आबंटित किये जाने ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान वरिष्ठ सदस्य इजराइल भारती, इसराईल हक, महमुद बैलीम, शेख नौसाद, मो. नासिर, मुदर्रिस गुलाम ताहा एवं मुस्लिम समाज के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# दरभा ब्लॉक में बच्चों का तिलक और माला पहनाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में सोमवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिले के शालाओं

- **प्रवेश उत्सव के साथ शिक्षण कार्य प्रारम्भ**

में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक फूल-माला पहनाकर एवं सरस्वती वंदना के साथ स्वागत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर.बघेल ने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा प्रवेश उत्सव की तैयारी पूर्व में ही कर ली गई थी जिसमें शालाओं की साफ-सफाई, बच्चों को गणवेश व किताबों का वितरण पहले ही किया जा चुका है । जिसका उद्देश्य सत्र के पहले दिन से ही शिक्षण कार्य कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके ।



उन्होंने कहा कि प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न करना एवं उन्हें विद्यालय से जोड़ना है। जिले की सभी शालाओं में यह उत्सव एक पर्व की तरह मनाया गया। इस मौके पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दरभा जगदीश पात्र, जनपद सदस्य, सरपंच के अलावा शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित थे। इसी प्रकार का आयोजन राजूर ग्राम के विद्यालय में भी किया गया ।

### 6 साल से छात्र विहिन विद्यालय में 7 बच्चों का दाखिला

दरभा विकासखंड के माध्यमिक शाला छोटे गूडडूपारा जो वर्ष 2019 से छात्रविहीन था वहां जिला शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से 7 बच्चों का कक्षा 6वी में प्रवेश कराया गया। बताया गया कि जिला मे एक भी विद्यालय शिक्षक विहीन नहीं है।

# नीट में कट-ऑफ क्लीयर करने वाले 43 बच्चे हैं जिले की शान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नीट के परीक्षा परिणाम में सुकमा जिले के 58 बच्चों में 43 बच्चों के कट-ऑफ क्लीयर करने पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने बधाई देते हुए कहा कि अब सुकमा बदल रहा है । विद्यार्थियों ने बेहतर

- **सुकमा में नीट परीक्षा में बड़ी सफलता**

प्रदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर के 58 विद्यार्थियों में से 43 छात्रों ने कट-ऑफ क्लियर की है। एनईईटी परीक्षा पास करने का मतलब है कि भारत में एमबीबीएस, बीडीएस जैसे कोर्सेज में एडमिशन पाने का मौका मिलता है। इसके अलावा आयुर्वेद ,होम्योपैथी, यूनानी और अन्य स्वास्थ्य पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश ले सकते हैं। वो सभी बच्चे अपने साथ साथ पूरे समाज का निर्माण करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएंगे।



दीपिका शोरी ने जिले में संचालित इस व्यवस्था हेतु कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन का आभार जताया है जिनके नेतृत्व में संचालित इस मॉडल कोचिंग व्यवस्था का ही प्रतिफल है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री संवेदनशील हैं वो लगातार हर वर्ग के उत्थान हेतु कार्य कर रहे हैं जिसके कारण आज हमारे बच्चे इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं । उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. मांडवी, कोचिंग संस्था के प्राचार्य, प्रशिक्षक एवं सभी सहयोगी कर्मचारियों को उनके प्रयास और इस सफलता की सराहना की है।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटी सेमरा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटी सेमरा आड़ावाल में नए शैक्षणिक शत्र की शुरुआत के उपलक्ष्य में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे छात्रों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। विद्यालय प्रबंधक एवं समस्त शिक्षकगण की उपस्थिति ने इस उत्सव को और भी विशेष बना दिया छोटे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और विद्यालय में उमंग पूर्ण माहौल देखने लायक था। विद्यालय प्रबंधक शैलेश कुमार सर ने शिक्षा की महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

# तितिरगांव विद्यालय में बच्चों को चॉकलेट बांटकर मनाया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

16 जून को शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तितिरगांव में शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत तीतीरगांव के सरपंच खीरमनी कश्यप, विशिष्ट अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष जयंत जोशी, उपसरपंच सोना कश्यप, सांसद प्रतिनिधि लालाराम पटेल, ग्राम पंचगण लक्ष्मी, धनाय कश्यप, रामवती बघेल, पदम नाथ, गेंदा कश्यप एवं शाला समिति के पूर्व अध्यक्ष विष्णु प्रसाद पाणिग्रही के विशिष्ट आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के



द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प चढ़कर एवं दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य वंदना भदोरिया ने बताया कि इस वर्ष संस्था का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। जो बच्चे अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं,उन्हें सरपंच खीरमनी कश्यप तथा शाला विकास समिति के अध्यक्ष जयंत जोशी के कर कमलों से पुरस्कृत किया गया। उपस्थित सभी बच्चों को चॉकलेट बांटकर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्या सावित्री कश्यप, पुष्पलता मसीह, निशा भदोरिया, खुशबू चेरपा, सरिता कश्यप, पद्मावती तिवारी,अर्पण राजपूत, रितु सिंह, बेबीरानी महापात्र,कुमारी रूपा यादव,अभिषेक सिंह, सुरभि बाजपेई भले सम्राट भाग्यलक्ष्मी नायर आदि शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता गजेंद्र श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

